teri
THE ENERGY AND RESOURCES INSTITUTE
Creating Innovative Solutions for a Sustainable Future

आद्री ADRI

CSEC
CENTRE FOR STUDIES ON ENVIRONMENT AND CLIMATE

मैनुअल
हरित बजट

मैनुअल

हरित बजट

वित्त विभाग

बिहार सरकार

एक तकनीकी सहयोग

द ईनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीच्यूट

और

एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीच्यूट

2024

© वित्त विभाग, बिहार सरकार, एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीच्यूट, द ईनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीच्यूट। इस दस्तावेज की सामग्री सार्वजनिक वस्तुएं हैं और हरित बजटिंग को आगे बढ़ाने के उद्देष्य से इसका प्रसार और उपयोग किया जा सकता है।

मार्गदर्षन
डा. एस. सिद्धार्थ (भा प्र से), अपर मुख्य सचिव (पूर्व), वित्त विभाग, बिहार सरकार
डा. अश्मिता गुप्ता, सदस्य सचिव, एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीच्यूट
डा. प्रोदीप्तो घोष, डिस्टिंग्यूष्ड फेलो, द ईनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीच्यूट

लेखक
डा. शैली केडिया, सीनियर फेलो, द ईनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीच्यूट– टेरी
डा. सुनील कुमार गुप्ता, रिसर्च लीड, सेन्टर फॉर स्टडीज ऑन इन्वायर्नमेंट एंड क्लाइमेट– आद्री
डा. रीता पांडेय, स्वतंत्र विषेषज्ञ, लोक वित्त
सुश्री गज़ल हाशमी, रिसर्च एसोसिएट, सेन्टर फॉर स्टडीज ऑन इन्वायर्नमेंट एंड क्लाइमेट– आद्री

ग्राफिक डिजाइनर
.....

प्रकाशक
एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीच्यूट
आद्री लेन, बीएसआइडीसी कॉलोनी, ऑफ बोरिंग–पाटलीपुत्र रोड, पटना, (बिहार)– 800 013
Phone: 91–612–2575649 | Email: adripatna@adriindia.org
अक्टूबर, 2024

डिस्क्लेमर
इस मैनुअल में व्यक्त विचार और राय पूरी तरह से लेखकों के हैं, और जरूरी नहीं कि बिहार सरकार, या परामर्ष के दौरान जुड़े किसी संगठन, समिति या अन्य समूह या व्यक्ति के हों।

अभिस्वीकृति
हम इस मैनुअल के निर्माणात्मक चरणों में स्वर्गीय डा. प्रभात पी. घोष के महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभारी हैं। हम आद्री में पूर्व में सेवानिवृत्त श्री विवेक तेजस्वी के प्रति गहन आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने बिहार के लिए हरित बजटिंग की नीतियों में अपूर्व प्रयास किया। हम उन्हें सुश्री आस्था शर्मा और सुश्री निवेदिता चोलायिल के शोध योगदान के लिए भी आभारी हैं, जो पहले टेरी में काम करते थे।

विषय–सूची

अध्याय– 1 5

परिचय 5

[1.1] तर्काधार 5

[1.2] दृष्टिकोण 6

[1.3] मैनुअल का उद्देश्य 6

अध्याय– 2 8

राज्य सरकार की रणनीतिक हरित प्राथमिकताएं 8

अध्याय– 3 11

राज्य का वित्तीय एवं बजटीय परिदृश्य 11

[3.1] संस्थागत व्यवस्था 11

[3.2] वित्तीय लेखांकन 14

[3.2.1] बजट की मूल संरचना 14

[3.2.2] राज्य सरकार के संसाधन 16

[3.2.3] संसाधनों का व्यय 17

[3.2.4] योजना व्यय 18

[3.3] वित्तीय बजटिंग 18

[3.3.1] बजट चक्र 18

[3.3.2] बजट कैलेंडर 20

[3.3.3] वर्गीकरण प्रणाली 21

अध्याय– 4 24

मुद्दा–आधारित बजटिंग 24

[4.1] हरित बजटिंग की रूपरेखा 24

[4.2] जेन्डर बजटिंग 25

[4.3] बाल बजटिंग 25

[4.4] अंतराल 26

अध्याय– 5 27

हरित बजटिंग की प्रक्रिया और प्रविधि 27

[5.1] औचित्य 27

[5.2] परिभाषा 28

[5.3] उद्देश्य 30

[5.4] प्रक्रिया 31

[5.5] रेंज श्रेणियों की कार्यप्रणाली 34

[5.6] विषयों, गतिविधियों और एसडीजी का मानचित्रण 35

[5.7] हरित बजट विवरण की संरचना 40

[5.8] सीमाएं 41

अध्याय– 6 43

अनुषंसा और भावी दिषा 43

संदर्भ 44

अनुलग्नक: हरित बजट विवरण तैयार करने के लिए मानक टेम्पलेट/प्रोफार्मा 48

अध्याय– 1

परिचय

सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति हेतु मानवजनित जलवायु परिवर्तन, जैव–विविधता की हानि और पर्यावरणीय क्षरण के समाधान के लिए योजना, सुसंगत नीति डिजाइन, व्यवस्थित दृष्टिकोण, सुदृढ़ संस्थान और अच्छी तरह से संरचित बजट के संदर्भ में तत्काल समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। सभी विभागों द्वारा समय–समय पर बजट अभ्यास किया जाता है। वार्षिक सरकारी बजट तैयार करने के दौरान सभी विभाग जलवायु और पर्यावरणीय आयामों का ध्यान रखते हैं। वार्षिक बजट पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एसडीजी और जलवायु संबंधी कार्यों को विकास गतिविधियों की मुख्यधारा में लाने के लिए एक संभावित वाहक हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सरकारी बजट का उपयोग विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण प्रतिबद्धताओं पर सरकार के क्रियाकलापों के मूल्यांकन के लिए एक उपकरण के रूप में भी किया जा सकता है। इसके अलावा, 'हरित बजटिंग' बजटीय नीति निर्माण का एक तंत्र है जो धन, परिव्यय, व्यय के स्रोतों और नीतियों को व्यवस्थित रूप से मानचित्रित करने और ट्रैक करने में मदद कर सकता है। यह समन्वित नीति डिजाइन और हरित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आवधिक और निरंतर वित्तीय आवश्यकताओं की पहचान का समर्थन कर सकता है, जो जलवायु और पर्यावरणीय आयामों से संबंधित हैं। पूरे देश में राज्य वित्त विभाग द्वारा बिहार सरकार की यह पहली पहल है। बजटीय प्रक्रिया में शामिल व्यापक विषयगत पहलुओं में जलवायु परिवर्तन शमन, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन, प्रदूषण निवारण, अपशिष्ट प्रबंधन, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र, सतत भूमि उपयोग, हरित बुनियादी ढांचा, सतत उपभोग और हरित अर्थव्यवस्था शामिल हैं।

[1.1] तर्काधार

चूंकि जिस तरह से सरकारें अपना पैसा खर्च करती हैं वह पर्यावरणीय लक्ष्यों/टारगेटों को प्राप्त करने की दिशा में सरकारों के कार्यों (पर्यावरणीय रूप से सकारात्मक/नकारात्मक) का संकेतक है। अतः सरकारी बजट संभावित रूप से नीति–निर्माताओं के लिए पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक प्रभावी उपकरण हो सकता है। इसके अलावा, सरकारी बजट का उपयोग विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय लक्ष्यों/प्रतिबद्धताओं के प्रति सरकार के प्रदर्शन के वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन में एक उपकरण के रूप में भी किया जा सकता है। प्रत्यक्ष व्यय के अलावा, नकारात्मक पर्यावरणीय बाह्यताओं को आंतरिक करने के लिए राजकोषीय नीति (कर, गैर–कर, सब्सिडी उपकरण) का उपयोग सरकारों द्वारा पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में 'हरित कार्यों' का एक और उदाहरण है।

वार्षिक बजट प्रक्रियाएं योजना और समन्वय के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं और इसे योजना प्रक्रियाओं में जलवायु संबंधी कार्रवाई और पर्यावरण संबंधी एसडीजी लक्ष्यों को मुख्यधारा में लाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदु के रूप में देखा जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लक्ष्य 17 का टारगेट 17.14 ''सतत विकास

के लिए नीतिगत सुसंगतता बढ़ाना'' है। बजट आर्थिक नीति में सतत विकास परिणामों को मुख्यधारा में लाने के माध्यम से नीतिगत सुसंगतता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है और कार्यान्वयन का एक महत्वपूर्ण साधन है। हरित बजटिंग को संस्थागत बनाने से विभागों की मानसिकता सक्रिय हो सकती है और मौजूदा राजकोषीय दायरे में बेहतर योजना और समन्वय हो सकता है (सिन्हा एट अल 2015)। इस प्रकार, हरित बजट सभी विभागों में क्षैतिज रूप से सतत विकास को मुख्यधारा में लाने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण हो सकता है।

[1.2] दृष्टिकोण

हरित बजटिंग के लिए यह व्यापक दृष्टिकोण पर्यावरणीय स्थिरता को सतत विकास की क्षैतिज मुख्यधारा में प्रोत्साहित करने के लिए बॉटम–अप लेखांकन और योजना पर आधारित है। हरित बजटिंग का नीतिगत नवाचार निम्नलिखित सिद्धांतों पर आधारित है:

सिद्धांत 1: हरित बजटिंग पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान देने वाली योजनाओं के घटकों की पहचान करने के लिए बॉटम–अप प्रक्रिया का पालन करेगी।

सिद्धांत 2: हरित बजटिंग अभ्यास राज्य की रणनीतिक प्राथमिकताओं और जलवायु, जल, ऊर्जा, जैव विविधता, जिम्मेदार खपत और उत्पादन जैसे क्षेत्रों में पर्यावरण से संबंधित सार्वभौमिक सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित होगा।

सिद्धांत 3: हरित बजटिंग अभ्यास सतत विकास को मुख्यधारा में लाने का प्रयास करेगा, जिसमें सभी विभागों को बजटिंग अभ्यास के माध्यम से सतत विकास के क्षैतिज एकीकरण में शामिल किया जाएगा।

सिद्धांत 4: हरित बजटिंग अभ्यास विभिन्न विभागों को शामिल करते हुए सतत विकास के क्षैतिज एकीकरण के माध्यम से बजट प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने का प्रयास करेगा।

[1.3] मैनुअल का उद्देश्य

पर्यावरण से संबंधित मुद्दों को अधिक ध्यान देने और राज्य बजट में अधिक प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। विभिन्न योजनाओं में पर्यावरण संबंधित घटकों के बजटीय संसाधनों के पर्याप्तता के साथ–साथ, राज्य सरकार मौजूदा वित्तीय दायरे और मौजूदा योजनाओं में भी नवाचार कर सकती है। इस संदर्भ में, राज्य सरकार के संबंधित विभागों, नागरिक समाज संगठनों और अन्य हितधारकों के लिए बजटीय प्रक्रिया (पर्यावरण स्थिरता कार्यक्रमों पर आवंटन और व्यय सहित) को समझना वांछनीय है।

बजट का विश्लेषण उन्हें प्रभावी पैरोकारी और कार्यान्वयन रणनीतियों की पहचान करने में सक्षम बनाता है जो बढ़ी हुई पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु संबंधी कार्रवाई में योगदान करते हैं। गतिविधियों, विषयों और लक्ष्यों का

मानचित्रण हमें उन अंतरालों की पहचान करने में भी सक्षम बनाएगी जो बेहतर योजना के साथ–साथ घरेलू, अंतरराष्ट्रीय और निजी अन्य स्रोतों से संसाधन जुटाने में सक्षम हो सकते हैं।

इस मैनुअल का उद्देश्य है:

(क) एक उपकरण के रूप में हरित बजटिंग की परिभाषा, तर्क और उद्देश्यों को निर्धारित करना, जो पर्यावरण स्थिरता में योगदान देता है

(ख) राज्य के लिए हरित बजटिंग की एक विधि को स्थापित करने वाले एक ज्ञान दस्तावेज के रूप में कार्य करना

(ग) राज्य सरकार के संबंधित विभागों के लिए एक संसाधन के रूप में कार्य करना जो हरित बजटिंग प्रक्रिया में शामिल होंगे

(घ) हरित बजटिंग के महत्व पर सरकारों और नागरिक समाज (सिविल सोसाइटी) के बीच जागरूकता को बढ़ाना

[1.4] मैनुअल की संरचना

इस परिचायात्मक अध्याय के अलावा, वर्तमान मैनुअल में और पांच अध्याय हैं। अध्याय 2 में, मैनुअल मुद्दों और रणनीतिक प्राथमिकताओं के संदर्भ में राज्य सरकार की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। अध्याय 3 में, राज्य बजट प्रक्रिया का एक अवलोकन दिया गया है। अध्याय 4, विषय–आधारित बजट अभ्यास की स्थिति का विवरण है। अध्याय 5 मैनुअल का ह्रदय है, जो हरित बजटिंग को परिभाषित करते हुए इसकी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली को स्थापित करता है, लक्ष्यों को निर्धारित करता है, और हरित बजटिंग की चरण–दर–चरण प्रक्रिया को प्रस्तुत करता है। यह अध्याय मैनुअल की कार्यप्रणाली, मानचित्रण (विषयों, गतिविधियों, और एसडीजी का) और हरित बजट दस्तावेज की एक सांकेतिक संरचना प्रदान करता है साथ ही सीमाओं को भी प्रकट करता है। अंतिम अध्याय, अध्याय 6, अनुशंसाऔर आगे के रास्ते का सुझाव देता है।

अध्याय– 2

राज्य सरकार की रणनीतिक हरित प्राथमिकताएं

बिहार विकास के तीव्र पथ पर अग्रसर है और विकास के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण देश के अंदर और बाहर महत्वपूर्ण रूप से ध्यान आकर्षित कर रहा है। यह परिवर्तन राज्य के ठहराव के साथ ऐतिहासिक संघर्ष और इसकी सतत अविकसितता की स्थिति को देखते हुए विषेष रूप से उल्लेखनीय है। यह परिवर्तन एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो राज्य के निवासियों के लिए नई आशा और आकांक्षाओं की शुरुआत करता है। इन सकारात्मक बदलावों के पीछे प्रेरक शक्ति राज्य सरकार की समावेषी और त्वरित विकास एजेंडे के प्रति अटूट प्रतिबद्धता है।

इस एजेंडा को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने न केवल अपने सीमित संसाधनों का सबसे विवेकपूर्ण उपयोग किया, बल्कि अपनी प्रशासनिक मशीनरी को भी मजबूत किया है और कई संस्थागत सुधार किए हैं। परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि राज्य की अर्थव्यवस्था की पिछली विकास प्रक्रिया कोई अल्पकालिक घटना नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक स्थिर विकास प्रक्रिया की शुरुआत है। बिहार अर्थव्यवस्था के विकास में निरंतर तरक्की के लिए प्रयासरत है, साथ ही सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, संसाधन कुशलता, और वायु प्रदूषण जैसे मुद्दों के समाधान के लिए नीतियों और उपायों को लागू और कार्यान्वित कर रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्य की विकासात्मक और विकास संबंधी प्राथमिकताएं भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं। इस व्यापक चर्चा में, हम कुछ अनुकरणीय चल रही पहलों पर चर्चा करेंगे जो बिहार की विकास यात्रा के पूरक घटकों के रूप में काम करती हैं :

1. जल–जीवन–हरियाली–मिशन:

बिहार वर्तमान में अपर्याप्त और अनियमित वर्षा और भूजल स्तर में धीरे–धीरे गिरावट सहित तेजी से जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से उत्पन्न जल संकट से जूझ रहा है। इसके समाधान के लिए राज्य सरकार ने 'जल–जीवन–हरियाली' योजना को एक मिशन के रूप में लागू किया है। इस महत्वाकांक्षी प्रयास में पारंपरिक जल स्रोतों को बहाल करने, नए निर्माण करने और जल संचयन और भंडारण संरचनाओं को विकसित करने के उद्देश्य से कई परियोजनाएं शामिल हैं। इस मिशन के तहत कुछ प्रमुख गतिविधियों में सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं की पहचान करना और उनका कायाकल्प करना, छोटी नदियों और नालों के साथ–साथ पहाड़ी जलग्रहण क्षेत्रों में चेक डैम और जल संचयन संरचनाओं का निर्माण शामिल है।

इसके अलावा, इस पहल में वन क्षेत्रों को छोड़कर, राज्य के पठारी क्षेत्रों में जल निकायों के निर्माण के लिए स्थानों की पहचान करना और राज्य भर के तलहटी क्षेत्रों में गारलैंड ट्रेंच स्थापित करना शामिल है। अपनी प्रगति के प्रमाण के रूप में, मिशन ने 1,663 योजनाओं को मंजूरी दी है, जिनमें से 1,335 पहले ही पूरी हो चुकी हैं। इन पूर्ण

परियोजनाओं ने 1.21 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता पैदा की है और 669.93 लाख क्यूबिक मीटर की जल संचयन क्षमता है।

इसके अतिरिक्त, बिहार में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान राज्य में 3.89 करोड़ पौधे लगाए। जल–जीवन–हरियाली मिशन के एक महत्वपूर्ण घटक में अस्पतालों, पंचायत संस्थानों, जेलों और स्कूलों जैसी सरकारी स्वामित्व वाली सुविधाओं का सार्वभौमिक सौरीकरण शामिल है, जिसे सभी जिलों में व्यापक रूप से वित्त पोषित और कार्यान्वित किया जा रहा है।

2. 'नीचे मत्स्य ऊपर बिजली' और फ्लोटिंग सोलर परियोजनाएं:

स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए राज्य सरकार फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं को प्रस्तुत करने की योजना बना रही है। यह पहल न केवल नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करती है, बल्कि मछुआरा समुदाय को भी सक्रिय रूप से शामिल करती है, ताकि उन्हें इन प्रयासों से लाभ मिल सके और साथ ही साथ स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं की सुचारु स्थापना में मदद की जा सके।

3. जीविका – बिहार ग्रामीण आजीविका संवर्धन सोसायटी (बीआरएलपीएस):

जीविका के नाम से लोकप्रिय इस कार्यक्रम को बिहार में ग्रामीण गरीबी से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार किया गया है। यह एक सहयोगात्मक प्रयास है जिसमें गरीब, बिहार सरकार और विश्व बैंक शामिल हैं। बीआरएलपीएस का मुख्य उद्देश्य बिहार के ग्रामीण गरीबों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ाना है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और संघों के विकास को सुविधाजनक बनाकर ग्रामीण गरीब परिवारों की आजीविका में सुधार करना है, जो बदले में स्व–रोजगार के अवसरों के निर्माण के लिए सेवाओं और ऋण तक बेहतर पहुंच बनाने में सक्षम बनाता है। जीविका के भीतर एक उल्लेखनीय पहल 'दीदी की नर्सरी' है, जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के संदर्भ में स्थानीय उच्च गुणवत्ता वाले पौधों की किस्मों की आपूर्ति पर केंद्रित है।

4. बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति:

परिवहन क्षेत्र में, 2019 में तैयार की गई बिहार की इलेक्ट्रिक वाहन नीति का प्रस्ताव राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने की ओर उन्मुख है। यह पहल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए तैयार है। इसका उद्देश्य बिहार को इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में निवेश के लिए पसंदीदा स्थान के रूप में स्थापित करना भी है। इस नीति में उल्लिखित मिशन 2030 तक 100% विद्युत गतिशीलता प्राप्त करने के राष्ट्रीय प्रस्ताव का समर्थन करने, अंततः मैन्युअल रूप से खींचे जाने वाले रिक्शा को समाप्त करने और राज्य राजमार्गों पर 50 किलोमीटर के अंतराल पर फास्ट–चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने पर केंद्रित है। इस नीति का लक्ष्य राज्य में 2,500 करोड़ रुपये के जमीनी निवेश को आकर्षित करना है और राज्य में

10,000 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है। इसके हिस्से के रूप में, सर्वोच्च प्राथमिकता पैडल–रिक्शा से हटकर 2022 तक 100% इलेक्ट्रिक गतिशीलता की ओर बढ़ना है।

5. बस बेड़ा का विस्तार और स्वच्छ ईंधन पहल:

बिहार सक्रिय रूप से अपनी बस बेड़ा को विस्तारित कर रहा है और "FAME–II" के रूप में जानी जाने वाली केंद्रीय योजना में भाग ले रहा है। इस प्रयास में एक स्वच्छ ईंधन योजना भी शामिल है, जो 2019 में शुरू की गई पहल है जिसका उद्देश्य तिपहिया मालिकों को पेट्रोल/डीजल से चलने वाले वाहनों को सीएनजी या बैटरी संचालित किट्स से अपग्रेड करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस योजना का लक्ष्य स्वच्छ ईंधन वाले वाहनों के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देना है, जिसमें सीएनजी और बैटरी संचालित वाहन शामिल हैं, और अंतिम उद्देष्य वैकल्पिक, कम कार्बन यातायात विकल्पों को स्थापित करना और पर्यावरणीय हवा की गुणवत्ता में सुधार करना है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड (बीएसआरटीसी) बसों की खरीद और स्वच्छ ईंधन संबंधित पहलों के कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वित्तीय वर्ष 2021–22 में, बीएसआरटीसी द्वारा बसों की खरीद के लिए कुल 40 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन रखा गया है, जिसमें सीएनजी बसों पर 11,41,50,000 रुपये का वास्तविक व्यय होगा। यह हस्तक्षेप बिहार में एक स्वच्छ ईंधन–आधारित (सीएनजी–आधारित) सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

6. जलवायु अनुकूल कृषि:

बिहार में कृषि विभाग ने जलवायु अनुकूल कृषि प्रथाओं की आवश्यकता को देखते हुए राज्य को नियमित सूखे और बाढ़ों का बेहतर प्रबंधन करने के लिए एक परियोजना शुरू की है। यह पहल 2019 में 8 जिलों के 40 गांवों में शुरू की गई थी और इसने बिहार के 1,00,000 से अधिक किसानों को जलवायु अनुकूल खेती विधियों से परिचित किया है। 2020 में, इस परियोजना का विस्तार 38 जिलों के 190 गांवों को शामिल करने के लिए किया गया था। मूल रूप से, यह पहल जलवायु–अनुकूल कृषि योजना के हिस्से के रूप में 14 फसल प्रणालियों की पहचान करती है, जिसका लक्ष्य जलवायु चुनौतियों के सामने बिहार के कृषि क्षेत्र को मजबूत करना है।

निष्कर्षत:, बिहार की उल्लेखनीय वृद्धि और विकास यात्रा एक व्यापक विकास एजेंडे के प्रति राज्य की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो कि समावेषिता और तेज प्रगति को प्राथमिकता देती है। उपरोक्त विभिन्न पहलों का विस्तार से उल्लेख, बिहार की उत्साही प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो जल संकट, स्वच्छ ऊर्जा अनुकरण, ग्रामीण गरीबी निवारण, इलेक्ट्रिक वाहन अनुकरण, स्वच्छ परिवहन, और जलवायु अनुकूल कृषि जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दों के समाधान पर ध्यान केंद्रित करती है। ये पहल सामूहिक रूप से सतत विकास, आर्थिक विकास और पर्यावरणीय अनुकूलता के प्रति बिहार की प्रतिबद्धता के उदाहरण हैं, जो इसे भारतीय परिदृश्य के भीतर परिवर्तनकारी प्रगति का एक उल्लेखनीय उदाहरण बनाती है।

अध्याय– 3

राज्य का वित्तीय एवं बजटीय परिदृश्य

बजट तैयार करने की वार्षिक प्रक्रिया सार्वजनिक संसाधनों के कुशल उपयोग के लिए रोडमैप का विवरण देने का एक साधन है। हालांकि भारतीय संविधान में 'बजट' शब्द का उल्लेख नहीं है, लेकिन यह प्रावधान है कि राज्यपाल, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में, उस वर्ष के लिए सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण विधान सभा के समक्ष रखेंगे। भारत के संविधान के अनुच्छेद 202 (1) के तहत, प्रत्येक वर्ष के लिए राज्य की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय को दर्शाने वाला एक वार्षिक वित्तीय विवरण बिहार विधान सभा के समक्ष रखा जाता है।

[3.1] संस्थागत व्यवस्था



चित्र 1- बजट प्रक्रिया में प्रमुख हितधारक

वित्त विभाग एक नोडल विभाग है जो न केवल बजट तैयार करने में बल्कि बजट निष्पादन और नकदी प्रवाह और बहिर्वाह की निरंतर निगरानी में भी शामिल है। सरकार के वित्त को पारंपरिक रूप से वित्त विभाग द्वारा नियंत्रित किया गया है। अभूतपूर्व विकास और सरकारी गतिविधियों की जटिलता के साथ प्रशासनिक विभागों को कई शक्तियां सौंपी गई हैं, लेकिन वित्त विभाग के पास समन्वय और नियंत्रण की समग्र जिम्मेदारी बनी हुई है।

वित्त मंत्री, वित्त (बजट) विभाग सहित अन्य विभागों के सहयोग से बजट तैयार करने के लिए जिम्मेदार होते हैं, जिसमें वार्षिक वित्तीय विवरण और सरकार के लिए एक वर्ष के दौरान आवश्यक होने पर अनुपूरक बजट समेत अन्य बजट संबंधित दस्तावेज़ शामिल होते हैं। वित्त (बजट) विभाग बजट अनुमान तैयार करने के लिए निर्देश और दिशानिर्देश जारी करने और सभी संबंधित विभागों से इसकी समय पर प्राप्ति की निगरानी के लिए जिम्मेदार है। वित्त (बजट) विभाग के कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:

1. तरीकों और साधनों सहित नकदी प्रबंधन, आरबीआई से ओवरड्राफ्ट आदि
2. अनुपूरक/अतिरिक्त अनुदान सहित राज्य बजट तैयार करना
3. राज्य सरकार और सरकारी गारंटी प्राप्त संस्थानों का बाजार उधार कार्यक्रम
4. राज्य सरकार का ऋण ग्रहण और ऋण प्रदान के लिए ब्याज दरों का रखरखाव
5. राज्य की आकस्मिकता निधि एवं आकस्मिकता निधि का प्रबंधन
6. राज्य सरकार की बजटीय स्थिति की निगरानी
7. व्यय का विनियमन
8. वित्तीय आपातकाल लागू करना
9. लेखा प्रस्तुत करना

योजना एवं विकास विभाग राज्य की बजटीय प्रक्रिया और सार्वजनिक वित्त में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योजना एवं विकास विभाग, विकास योजनाओं को तैयार करने और निगरानी करने के अलावा, विकास परिव्यय के लिए आवश्यक संसाधनों के वांछनीय हस्तांतरण के संबंध में सरकार को सलाह देता है। योजना एवं विकास विभाग हर साल संसाधनों की समग्र स्थिति और वार्षिक योजना पर विचार करते समय उनके अनुप्रयोग की वार्षिक जांच के माध्यम से राज्यों के बजट के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह वित्त विभाग द्वारा सूचित वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर क्षेत्र/योजना–वार सीमा निर्धारित करता है। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अपने राज्य योजना व्यय अनुमानों को अंतिम रूप देने के दौरान सभी विभागों को इन सीमाओं का पालन करना होता है।

संबंधित विभाग (लाइन डिपार्टमेंट)

वित्तीय मामलों में, प्रत्येक विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित राजस्व के संग्रह और व्यय के नियंत्रण के लिए जिम्मेदार होते हैं, जिसकी प्राप्ति और वितरण आमतौर पर विभिन्न स्थानों पर और विभिन्न व्यक्तियों/प्राधिकरणों के माध्यम से प्रभावित होते हैं। विभागों के अंतर्गत स्थापित सार्वजनिक उद्यमों पर विभाग वित्तीय नियंत्रण भी रखते हैं।

बजट नियंत्रण अधिकारियों को संबंधित विभाग को दिए गए बजट आवंटन के विरुद्ध व्यय को नियंत्रित करने और/या विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा राजस्व संग्रह को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। बीसीओ बजट

चक्र के सभी चरणों में अनुमान तैयार करने से लेकर महालेखाकार के साथ खातों के मिलान तक संबंधित विभाग, वित्त विभाग, महालेखाकार और संवितरण अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।



चित्र 2- बजट चक्र के दौरान बीसीओ द्वारा की गई गतिविधियाँ

आहरण एवं संवितरण अधिकारी एक सरकारी कर्मचारी होता है जो बिलों का आहरण करता है, निर्दिष्ट सीमा तक व्यय करता है और सरकार की ओर से भुगतान करता है। डीडीओ के रूप में नियुक्त सभी अधिकारी उस विभाग के आकलन अधिकारी भी होते हैं। आकलन अधिकारी के रूप में वे आवश्यक संसाधनों के निचले स्तर के आकलन के लिए जिम्मेदार प्राथमिक एजेंट के रूप में कार्य करते हैं, जबकि डीडीओ के रूप में वे वर्तमान में राज्य में चल रही योजना और गैर–योजना योजनाओं के निष्पादन और कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार हैं। अपनी दोहरी भूमिका को देखते हुए, डीडीओ यह सुनिश्चित करके सरकार और लाभार्थियों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं कि फंड की आवश्यकताएं तैयार किए गए अनुमानों में उचित रूप से प्रतिबिंबित होती हैं और अंततः स्वीकृत धन का उपयोग इच्छित उद्देश्य के लिए किया जाता है और साथ ही उसका उचित हिसाब लगाया जाता है।



चित्र 3- बजट चक्र के दौरान डीडीओ द्वारा की गई गतिविधियाँ

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक सरकार के खातों को संकलित करने के लिए जिम्मेदार हैं। कोषागारों, कार्यालयों या विभागों द्वारा उनके नियंत्रण में लेखा परीक्षा और लेखा कार्यालयों को प्रदान किए गए प्रारंभिक और सहायक खातों की जिम्मेवारी है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए विनियोग खाते तैयार करता है, जिसमें संबंधित प्रमुखों के अंतर्गत वार्षिक प्राप्तियाँ और संवितरण को दर्शाया जाता है और इसे राज्यपाल को प्रस्तुत किया जाता है। इन खातों और रिपोर्ट्स को फिर विधान सभा के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक संघ और राज्य सरकार दोनों के लिए एक बैंकर के रूप में कार्य करता है। राज्य सरकार की सभी प्राप्तियां और व्यय भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित एजेंसी बैंकों के माध्यम से किए जाते हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक राज्य सरकार की ओर से सार्वजनिक ऋण प्रबंधन और अधिशेष निधि का निवेश करता है। भारतीय रिज़र्व बैंक राज्य सरकार को अर्थोपाय अग्रिम (वेज एंड मीन्स एडवांस) और ओवरड्राफ्ट सुविधाएं भी देता है।

[3.2] वित्तीय लेखांकन

[3.2.1] बजट की मूल संरचना

भारत के संविधान के अनुच्छेद 150 के तहत, राज्यों के खातों को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा निर्धारित प्रारूप में रखा जाना है। बजट की सामान्य संरचना इन खातों की संरचना का बारीकी से अनुसरण करती है। राज्य सरकार के खाते तीन भागों में रखे जाते हैं:



चित्र 4- बजट/लेखों के वर्गीकरण का बुनियादी ढांचा

1. **राज्य की संचित निधि**

इस निधि में राज्य सरकार द्वारा प्राप्त सभी राजस्व, राज्य सरकार द्वारा उठाए गए सभी ऋण, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिए गए अर्थोपाय अग्रिम और राज्य सरकार द्वारा ऋणों के पुनर्भुगतान में प्राप्त सभी धन शामिल हैं। राज्य विधानमंडल की मंजूरी के बिना इस निधि से कोई भी पैसा खर्च नहीं किया जा सकता है।

समेकित निधि के निम्नलिखित दो विभाग हैं–

i. राजस्व लेखा

ii. पूंजीगत लेखा

2. **राज्य की आकस्मिकता निधि** (भारत के संविधान का अनुच्छेद 267(2))

यह निधि एक अग्रदाय की प्रकृति में है जिसे राज्य विधानमंडल में कानून द्वारा स्थापित किया जाता है और इसे राज्यपाल के निपटान में रखा जाता है ताकि अप्रत्याषित व्यय के लिए अग्रिम जारी किए जा सकें। आकस्मिकता निधि के लेन–देन का हिसाब बजट दस्तावेज में प्रभागवार नहीं किया जाता है।

3. **राज्य के लोक लेखा** (संविधान का अनुच्छेद 266(2))

उपरोक्त के अलावा, सरकार द्वारा या उसकी ओर से प्राप्त अन्य सभी सार्वजनिक धन, जहां सरकार एक बैंकर या ट्रस्टी के रूप में कार्य करती है, लोक लेखा में जमा की जाती है। लोक लेखा में लघु बचत और भविष्य निधि, जमा, अग्रिम, आरक्षित निधि और प्रेषण जैसे पुनर्भुगतान शामिल हैं। सरकार के पास उपलब्ध शुद्ध नकदी शेष भी लोक खाते

के अंतर्गत शामिल है। लोक लेखा से कोई भी पैसा निकालने के लिए किसी विधायी प्राधिकरण की आवश्यकता नहीं है। लोक लेखा विधानमंडल के मत के अधीन नहीं है।

[3.2.2] राज्य सरकार के संसाधन

राज्य के संसाधनों का वर्णन नीचे दिया गया है:

1. **राजस्व प्राप्तियों** में कर राजस्व, गैर–कर राजस्व शामिल होता है। केंद्रीय करों और शुल्कों में राज्य का हिस्सा और भारत सरकार से सहायता अनुदान।
2. **पूंजीगत प्राप्तियों** में विविध पूंजी प्राप्तियां शामिल होती हैं जैसे विनिवेश से आय, ऋण और अग्रिम की वसूली, आंतरिक स्रोतों से ऋण प्राप्तियां (बाजार ऋण, वित्तीय संस्थानों/वाणिज्यिक बैंकों से उधार), और भारत सरकार से ऋण और अग्रिम। राजस्व और पूंजीगत प्राप्तियां दोनों राज्य की समेकित निधि का हिस्सा हैं।
3. **शुद्ध लोक लेखा प्राप्तियां**: कुछ लेनदेन जैसे छोटी बचत, भविष्य निधि, आरक्षित निधि, जमा, सस्पेंस, प्रेषण इत्यादि के संबंध में प्राप्तियां और संवितरण हैं जो संचित निधि का हिस्सा नहीं बनते हैं। इन्हें संविधान के अनुच्छेद 266 (2) के तहत स्थापित सार्वजनिक खाते में रखा जाता है और ये राज्य विधानमंडल द्वारा मतदान के अधीन नहीं होते हैं। यहां सरकार एक बैंकर के रूप में कार्य करती है।



चित्र 5- राज्य सरकार की प्राप्तियाँ

तालिका 1- राजस्व प्राप्तियाँ (राज्य सरकार का परिवहन विभाग)

क्र.सं.	बजट कोड	विवरण
1	R0041001010002-00-01	स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्राप्तियां
2	R0041001010004-00-03	फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने से शुल्क
3	R0041001010005-00-03	ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने और ड्राइविंग स्कूलों के लिए शुल्क लिया जाएगा

[3.2.3] संसाधनों का व्यय

राज्य सरकार को राजकोषीय जिम्मेदारी कानूनों के ढांचे के भीतर व्यय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित करती है कि राज्य की चल रहा राजकोषीय सुधार और समेकन प्रक्रिया उस खर्च पर नहीं हो, जो पूंजीगत बुनियादी संरचना और सामाजिक क्षेत्र के विकास की दिशा में निर्देशित हो।

राजस्व व्यय सरकारी व्ययों में शामिल होता है जो भौतिक या वित्तीय संपत्ति के निर्माण में नहीं परिणत होता है। यह सरकारी विभागों और विभिन्न सेवाओं के सामान्य कार्यान्वयन के लिए उठाए गए खर्चों, सरकार द्वारा लिये गए ऋणों पर ब्याज भुगतान और विभिन्न संस्थानों को दिए गए अनुदानों से (हालांकि कुछ अनुदान संपत्ति के निर्माण के लिए हो सकते हैं) संबंधित होता है।

पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) मुख्य रूप से सड़कों, भवनों आदि जैसी अचल बुनियादी ढांचा संपत्तियों के निर्माण पर किया जाने वाला व्यय है। राज्य में पूंजीगत व्यय को बजटीय सहायता और अतिरिक्त–बजटीय संसाधनों से पूरा किया जा रहा है।



चित्र 6- राज्य सरकार का व्यय

[3.2.4] योजना व्यय

वर्तमान में विभिन्न विभागों के अंतर्गत तीन प्रकार की योजनाएं हैं– राज्य योजनाएं, केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं और केंद्र सरकार द्वारा अनुदानित योजनाएं (सेंट्रल स्पॉन्सर्ड योजनाएं – सीएसएस)।

राज्य योजनाएं

ये योजनाएं उन क्षेत्रों से संबंधित होती हैं जो राज्य सूची में होती हैं, और इन्हें राज्य सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्त प्रदान किया जाता है, जैसे *'हर घर नल का जल'*।

केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं

ये योजनाएं उन क्षेत्रों से संबंधित हैं जो संघ सूची के अंतर्गत हैं, और इन्हें पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। इस प्रकार की योजनाओं के तहत प्राप्त धनराशि या तो ट्रेजरी नोड या नामित कार्यान्वयन एजेंसी मोड हो सकती है।

केंद्र प्रायोजित योजनाएं (सीएसएस)

ये योजनाएं उन योजनाओं को संदर्भित करती हैं जिन्हें दोनों पक्षों द्वारा सहमत फंडिंग पैटर्न के अनुसार केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से वित्तपोषित किया जाता है। इन योजनाओं को आम तौर पर केंद्र सरकार के मंत्रालयों द्वारा डिजाइन और मॉनिटर किया जाता है और संबंधित राज्य सरकार के विभाग क्षेत्रीय स्तर पर योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होते हैं। वर्तमान में, अधिकांश सीएसएस *प्रधानमंत्री आवास योजना* की तरह केंद्र और राज्य सरकारों के बीच 60:40 के फंडिंग पैटर्न का पालन करते हैं।

[3.3] वित्तीय बजटिंग

[3.3.1] बजट चक्र



चित्र 7- बजट चक्र

बजट चक्र को तीन व्यापक चरणों में विभाजित किया जा सकता है:

I. बजट तैयारी

इस चरण में व्यय के किफायती स्तर का अनुमान लगाया जाता है और यह निर्धारित किया जाता है कि वांछित परिणामों को प्राप्त करने के प्रयास में धन कैसे खर्च किया जाना है और आउटपुट कैसे वितरित किए जाने हैं।

II. बजट निष्पादन

- राज्य विभागों द्वारा प्रस्तुत पुनर्विनियोजन के अनुरोधों का अनुमोदन और अनुदान
- अनुपूरक बजट का समेकन एवं निर्गमन

III. बजट निगरानी

इस चरण में नियोजित लेन–देन के साथ वास्तविक बजट लेन–देन का अनुपालन सुनिश्चित करना शामिल होता है। बजट प्रक्रिया/दस्तावेज सीएजी द्वारा आयोजित बाह्य ऑडिट के अधीन हैं। ऑडिट प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि सरकार द्वारा सेवाओं की डिलीवरी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ की गई है और पूरे बजट चक्र के दौरान उचित प्रक्रिया का पालन किया गया है।



चित्र 8- बजट चक्र की गतिविधि फ़्लोचार्ट

[3.3.2] बजट कैलेंडर

जुलाई से अगस्त	विधान सभा कार्यक्रम के आधार पर व्यय का प्रथम अनुपूरक विवरण (प्रथम अनुपूरक से संबंधित विनियोग अधिनियम सभी नियंत्रण अधिकारी/विभाग और महालेखाकार को भेजा जाता है)
सितंबर का पहला सप्ताह	वित्त विभाग द्वारा नियंत्रण अधिकारी को बजट परिपत्र जारी करना एवं रिक्त बजट प्रपत्रों का वितरण
अक्टूबर से नवंबर	विधान सभा कार्यक्रम के आधार पर व्यय का प्रथम अनुपूरक विवरण (प्रथम अनुपूरक से संबंधित विनियोग अधिनियम सभी नियंत्रण अधिकारी/विभाग और महालेखाकार को भेजा जाता है)
नवंबर से दिसंबर	वित्त विभाग में नियंत्री पदाधिकारी द्वारा प्रस्तावित बजट अनुमान पर संबंधित विभाग से चर्चा
नवंबर से जनवरी	विधान सभा कार्यक्रम के आधार पर द्वितीय अनुपूरक विवरण (द्वितीय अनुपूरक से संबंधित विनियोग अधिनियम सभी नियंत्रण अधिकारी/विभाग एवं महालेखाकार को भेजा जाता है)
फरवरी से मार्च	नियंत्रण अधिकारियों द्वारा बचत का वित्त विभाग को समर्पण
फरवरी से मार्च	विधान सभा के समक्ष वार्षिक वित्तीय विवरण और अन्य बजट पुस्तिकाओं तथा तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण की प्रस्तुति (मुख्य बजट और तृतीय अनुपूरक विवरण से संबंधित विनियोग विधेयक सभी नियंत्रण अधिकारी/ विभाग और महालेखाकार को भेजा जाता है)
फरवरी से अप्रैल	विभाग द्वारा सभी विभागों एवं महालेखाकार को बजट पुस्तकों का वितरण

[3.3.3] वर्गीकरण प्रणाली

समेकित निधि और लोक खातों में प्रत्येक प्रभाग को क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिन्हें कुछ मामलों में उप–क्षेत्रों में और फिर लेखांकन वर्गीकरण के छह स्तरों में विभाजित किया जा सकता है। अनुदानों की विस्तृत मांगों में वर्गीकरणों की संख्या को नीचे दर्शाए गए मानक छह स्तरों से आगे जाने की अनुमति नहीं है–

1. मुख्य शीर्ष – चार अंक (कार्य)

प्रत्येक सेक्टर/उप–सेक्टर के अंतर्गत मुख्य शीर्ष निर्धारित हैं। मुख्य शीर्ष मोटे तौर पर, प्रत्येक क्षेत्र/उप–क्षेत्र के भीतर, सरकार के एक विशिष्ट कार्य को दर्शाते हैं, जैसे शिक्षा, चिकित्सा और जन स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास आदि।

2. उप–मुख्य शीर्ष– दो अंक (उप–कार्य)

मुख्य शीर्षों को उप–मुख्य शीर्षों में विभाजित किया जाता है। लेन–देन को रिकार्ड करने के लिए प्रत्येक मुख्य शीर्ष के अंतर्गत उप–मुख्य शीर्ष खोले जाते हैं जो एक विशिष्ट प्रकृति के होते हैं और अलग से दर्ज किए जाने का पर्याप्त महत्व होते हैं। साथ ही मुख्य शीर्ष के कार्यों से संबंधित होते हैं। उदाहरण के लिए, मुख्य शीर्ष 'शिक्षा' के अंतर्गत उप–प्रमुख शीर्ष प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा आदि हैं।

3. लघु शीर्ष– तीन अंक (कार्यक्रम)

उप–मुख्य शीर्षों को लघु शीर्षों में विभाजित किया गया है। लघु शीर्ष किसी विभाग में किए गए कार्यक्रमों या कार्यक्रमों के व्यापक समूहों के अनुरूप होते हैं। उदाहरण के लिए, उप–मुख्य शीर्ष प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत, लघु शीर्ष निर्देशन और प्रशासन, सरकारी प्राथमिक विद्यालय, निरीक्षण आदि हैं।

4. उप–शीर्ष– चार अंक (योजना)

उप–शीर्ष समूह उप–शीर्षों के अंतर्गत आते हैं जो लघु शीर्षों द्वारा दर्शाए गए कार्यक्रम के तहत शुरू की गई योजनाओं को दर्शाते हैं। गैर–योजना व्यय के मामले में, उप–शीर्ष विभाग के प्रशासनिक ढांचे का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। उदाहरण के लिए, लघु शीर्ष, अस्पताल एवं औषधालय के अंतर्गत जिला मुख्यालय अस्पताल एक उप–शीर्ष है।

5. वस्तु शीर्ष– दो अंक (उप–योजना)

उप–शीर्षों को आगे वस्तु शीर्षों में विभाजित किया गया है। वस्तु शीर्ष व्यय की विशिष्ट वस्तुओं जैसे वेतन, यात्रा व्यय, कार्यालय व्यय आदि को दर्शाते हैं।

6. विस्तृत शीर्ष– दो अंक

वस्तु शीर्षों को आगे विस्तृत शीर्षों में विभाजित किया गया है, जो खातों के वर्गीकरण की सबसे निचली इकाइयाँ हैं। वे व्यय नियंत्रण और निगरानी के प्रयोजन के लिए, जहां भी आवश्यक हो, विस्तृत लेखा शीर्षों का विवरण दर्शाते हैं। उदाहरण के लिए वेतन व्यय को वेतन, भत्ते, मकान किराया भत्ता, महंगाई भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, अर्जित अवकाश का नकदीकरण और यात्रा रियायत में विभाजित किया गया है।

कोडिंग पैटर्न

बजट का प्रावधान 19– अंकों के बिल कोड में किया जाता है, जिसकी संरचना नीचे दी गई तालिका से समझा जा सकता है। सीएफएमएस लागू होने के बाद प्रत्येक योजना के लिए निर्धारित बजट मद के साथ संबंधित मांग संख्या को जोड़ा गया है। बिल कोड की संरचना अब इस प्रकार है:



कोडिंग पैटर्न का उदाहरण



मुख्य शीर्ष: बजट राजस्व और पूंजीगत खाते दोनों पर प्राप्ति और व्यय शीर्षों के लिए तैयार किया जाता है, जिसके लिए मुख्य शीर्ष का कोड निम्नलिखित तरीके से निर्धारित किया जाता है:

क्र.सं	वर्गीकरण शीर्ष	4–अंकीय मुख्य शीर्ष कोड का पहला अंक
1	राजस्व प्राप्ति	0 या 1
2	राजस्व व्यय	2 या 3
3	पूंजीगत प्राप्ति	4000
4	पूंजीगत परिव्यय	4 या 5
5	लोक ऋण	6001-6005
6	ऋण एवं अग्रिम	6075-7810
7	आकस्मिकता निधि	8000
8	लोक लेखा	8001-8999

उप–शीर्ष: वित्तीय वर्ष 2017–18 से गैर–योजनागत मदों को एकीकृत करते हुए बजट को मुख्य रूप से छह खंडों में विभाजित किया गया, जिन्हें 4–अंकीय उप–शीर्ष के पहले दो अंकों के आधार पर निम्नानुसार पहचाना जा सकता है:

क्र.सं	वर्गीकरण शीर्ष	4–अंकीय उप–शीर्ष कोड का पहला 2 अंक
1	स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय	00 (0001,0020 के रूप में)
2	राज्य–योजना	01 (0101,0123 के रूप में)
3	केंद्र प्रायोजित योजना का केंद्रीय हिस्सा	02 (0201,0218 के रूप में)
4	केन्द्र प्रायोजित योजना में राज्य का हिस्सा	03 (0301,0318 के रूप में)
5	केंद्रीय क्षेत्र योजना	04 (0401,0421 के रूप में)
6	बाह्य प्रायोजित योजना में राज्य एवं केन्द्र का हिस्सा	05 (0501,0511 के रूप में)

अध्याय– 4

मुद्दा–आधारित बजटिंग

मुद्दा–आधारित बजटिंग को क्रॉस–कटिंग और क्रॉस–सेक्टोरल परियोजनाओं में विशिष्ट मुद्दों को मुख्यधारा में लाने के लिए एक नीतिगत नवाचार के रूप में देखा जाता है। मुद्दा–आधारित बजटिंग के विषयों को तीन विषयों में विभाजित किया जा सकता हैः हरित बजटिंग की रूपरेखा, जेन्डर बजटिंग और बाल बजटिंग।

[4.1] हरित बजटिंग की रूपरेखा

लोक व्यय और राजस्व जुटाने के साधन पर्यावरण पर लाभकारी और हानिकारक दोनों तरह से भारी प्रभाव डाल सकते हैं। यह पर्यावरण के नियामक तंत्रों के अलावा होता है, जैसे कि पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआइए) मूल्यांकन प्रक्रिया, जिसमें परियोजनाओं, कार्यक्रमों, और नीतियों के पर्यावरणीय प्रभावों की पूर्व पहचान की जाती है, और पर्यावरण मानकों की मॉनिटरिंग और प्रवर्तन किया जाता है। हालांकि पर्यावरण विनियमन पर्यावरण मंत्रालयों की प्रमुख जिम्मेदारी है, परंतु बजटीय प्रक्रिया में उनकी बहुत कम सुनी जाती है क्योंकि उनके लिए बजटीय आवंटन कम होता है, इसलिए यह आवश्यक है कि मंत्रालयों, विभागों और विभिन्न क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्थिरता पहलों को मुख्यधारा में लाया जाए। साहित्य विचारों का एक बढ़ता हुआ समूह 'हरित बजटिंग' को मुख्यधारा के उपकरण के रूप में देखता है (बोवा 2021, जीओबी 2021, पेट्री 2021, पीएससीएसटी–टीईआरआइ 2014, रसेल और बेन्सन 2014, टीईआरआइ 2020, विल्किंसन एट अल 2008)। हरित बजटिंग के लिए ओईसीडी फ्रेमवर्क चार प्रमुख "बिल्डिंग ब्लॉक्स" को सूचीबद्ध करता हैः रणनीतिक और राजकोषीय योजना, बजट उपकरण, जवाबदेही एवं पारदर्शिता और बजटीय वातावरण को सक्षम बनाना। ताकि यह सुनिश्चित करने में मदद मिल सके कि बड़ी बजट प्रक्रिया कायम रहे और मध्यम एवं लंबी अवधि में प्रभावी रहे। TERI ने भारत में पंजाब और बिहार राज्यों में हरित बजटिंग के बारे में संवाद की सुविधा प्रदान की है। जलवायु संबंधी कार्रवाई के लिए वित्त मंत्रियों का गठबंधन फिनलैंड और चिली के नेतृत्व में और विश्व बैंक के जलवायु कार्रवाई पीयर एक्सचेंज (सीएपीई) के समर्थन से दिसंबर 2018 में शुरू किया गया था। इसके संस्थापक सिद्धांतों (हेलसिंकी सिद्धांत) के सिद्धांत 4 में 'वृहद आर्थिक नीति, राजकोषीय योजना, बजट, सार्वजनिक निवेश प्रबंधन और खरीद प्रथाओं में जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखना' आवश्यक है। लोक व्यय और वित्तीय जवाबदेही सचिवालय (पीईएफए) ने हाल ही में जलवायु–संबंधित लोक वित्तीय प्रबंधन के मूल्यांकन के लिए एक मॉड्यूल तैयार किया है। इसका उद्देश्य उन देशों और प्रशासनों को एक नैदानिक उपकरण प्रदान करना है जो अपने लोक वित्त को अधिक जलवायु उत्तरदायी (पीईएफए 2020) बनाना चाहते हैं। हालांकि, पीईएफए के विपरीत हरित बजटिंग एक उपकरण योजना है और पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संबंधी कार्रवाई और स्थिरता को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से प्राथमिकताएं निर्धारित करना है। भारत में अब तक बिहार एकमात्र राज्य है जिसने हरित बजट (जीओबी 2021, 2022) तैयार किया है।

[4.2] जेन्डर बजटिंग

जेन्डर बजटिंग को जेन्डर को मुख्यधारा में लाने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में देखा जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विकास गतिविधियों का लाभ महिलाओं तक पहुंचे जिसके लिए वह बजट आवंटन किया गया है। यह महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और कार्यान्वयन के लिए लागू करने योग्य कानूनों और विनियमों से अलग है जो सरकार के कई मंत्रालयों और अन्य शाखाओं के अधिकार क्षेत्र में हैं। नीति कार्यान्वयन और अभ्यास के संदर्भ में एशिया और यूरोप में जेन्डर बजटिंग में कई प्रगति हुई है और इसे साहित्य में अच्छी तरह से दस्तावेजीकरण किया गया है (चक्रवर्ती 2016, झांब एट अल 2013, लाहिड़ी एट अल 2002, ओ–हेगन 2018, ओ–हेगन और क्लैत्जर 2018, क्विन 2016)। भारत में 2005–06 से वित्त मंत्रालय का व्यय प्रभाग हर साल बजट परिपत्र के एक भाग के रूप में जेन्डर बजटिंग पर एक नोट जारी कर रहा है। केंद्रीय बजट में स्टेटमेंट 13 'जेन्डर बजट' (एमओएफ 2022) पर है। इस जेन्डर बजट स्टेटमेंट में दो भाग शामिल हैं– भाग क और भाग ख। भाग क, महिला विशिष्ट योजनाओं को दर्शाता है, जिनमें महिलाओं के लिए 100% आवंटन होता है, जबकि भाग ख, महिला समर्थक योजनाओं को दर्शाता है, जिनमें कम से कम 30% आवंटन महिलाओं के लिए होता है। भारत में जेन्डर बजटिंग न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि उप–राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रचलित है। तो क्या जेन्डर बजटिंग वास्तविक प्रभाव पैदा कर रही है? भारत में जेन्डर बजटिंग पर एक अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि जेन्डर बजटिंग के परिणामस्वरूप भारत में बजट प्रक्रियाओं में जेन्डर को मुख्यधारा में लाया गया है। यहां तक कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग जैसे मंत्रालय भी जिनकी गतिविधियां प्रथम दृष्टया बहुत कम प्रतिकूल प्रतीत हो सकती हैं, परंतु लैंगिक प्रभावों ने महिलाओं के विकास के संदर्भ में लैंगिक समानता में योगदान देने की पहल विकसित की है (चक्रवर्ती 2016)। जेन्डर बजटिंग पर साहित्य की एक विश्लेषणात्मक समीक्षा इस बात पर प्रकाश डालती है कि अधिकांश अध्ययन जेन्डर बजटिंग के पूर्व के चरणों को देखते हैं, जबकि समवर्ती और पूर्व–पश्चात चरणों (पोल्जर, नोल्टे, और सीवाल्ड, 2021) के बारे में कम जानकारी है।

[4.3] बाल बजटिंग

मुद्दा–आधारित मुख्यधारा के उपकरणों की तरह 'बाल बजटिंग' सरकार के बजट को अलग–अलग करने का एक प्रयास है ताकि यह अनुमान लगाया जा सके कि सरकार बच्चों की जरूरतों को पूरा करने पर कितना खर्च करना चाहती है (या कितना खर्च कर चुकी है)। बाल बजटिंग का औचित्य इस कारण पर आधारित है कि बाल अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए व्यय बढ़ाना महत्वपूर्ण है (सीबीजीए–यूनिसेफ अदिनांकित)। इस बात के प्रमाण हैं कि दुनिया भर में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर सरकारों द्वारा बाल बजटिंग को अमल में लाया गया है (जैकब 2020, मैथ्यू 2007, मुचाबैवा 2010)। भारत में बाल बजटिंग का उपयोग राष्ट्रीय स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्व–मूल्यांकन के लिए एक रणनीतिक योजना उपकरण के रूप में किया जाता है (मैथ्यू 2007)। ओडिशा और बिहार (जीओबी 2019, जीओओ 2020) जैसे राज्यों में राज्य स्तर पर बाल बजटिंग पर कार्य किया जाता है। केंद्रीय बजट में स्टेटमेंट 12

'बच्चों के कल्याण के लिए आवंटन' (एमओएफ 2022) पर है। बाल बजटिंग को एक सार्वजनिक वित्त प्रबंधन रणनीति के रूप में देखा जाता है, जो बच्चों के अधिकारों और जरूरतों के प्रति सरकारी बजट की जवाबदेही का विश्लेषण और समर्थन करती है।

[4.4] अंतराल

हालांकि मुद्दा–आधारित बजटिंग पर पर्याप्त प्रकाशन मौजूद हैं लेकिन हरित बजटिंग का चलन जेन्डर बजटिंग और बाल बजटिंग जितना प्रचलित नहीं है। ज्यादातर मामलों में हरित बजटिंग अभी भी एक वैचारिक चरण में है या बजट के बाद के अभ्यास के रूप में अधिक प्रचलित है।

अध्याय– 5

